मुख्यमंत्री ने पटना में बन रहे बापू टावर का निरीक्षण किया, कहा-यह एक-डेढ़ महीने में पूरा बन जाएगा

# नीतीश ने महात्मा गांधी पर बनी फिल्म देखी, कहा- यह टावर नई पीढ़ी को बापू के आदर्शों से वाकिफ कराएगा

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बापू टावर नई पीढ़ी को बापू (महात्मा गांधी) के विचारों-आदर्शों से वाकिफ कराएगा; इसे अमल में लाने को प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री, राजधानी के गर्दनीबाग इलाके में बन रहे बापू टावर का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने बापू के जीवन पर बनी फिल्म देखी। बोले-यह टावर एक-डेढ़ महीने में पूरा बन जाएगा; लोगों को देखने के लिए शुरू करा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने टावर के ग्राउंड फ्लोर और पांचवें तल पर जाकर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। भूतल पर बने ओरिएंटेशन हॉल में टर्न टेबल थियेटर शो (रोटेटिंग पर्दे) के जरिए महात्मा गांधी की जीवन यात्रा से संबंधित फिल्म देखी।

## ओरिएंटेशन हॉल में बिहार की गौरव गाथा भी देख सकेंगे

भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को बताया कि टावर को फिनीशिंग टच दिया जा रहा है। जो भी बापू टावर देखने आएंगे, वे ओरिएंटेशन हॉल में बापू की जीवनी, उनके आदर्शों-कार्यों तथा बिहार की गौरव गाथा देख सकेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, दीर्घा, अनुसंधान केंद्र, आगंतुक सुविधाएं एवं अन्य संरचनाओं की जानकारी ली।

## चीजों की हिंदी-अंग्रेजी में स्पष्ट जानकारी दी जाए

मुख्यमंत्री ने कहा- यहां आकर नई पीढ़ी बापू की जीवनी, उनके विचारों व आदर्शों को जान सकेगी। बापू के जीवन से जुड़ी घटनाएं, उनके विचार-आदर्श, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से लगाव आदि को बेहतर ढंग से रेखांकित किया जाए। जो भी चीज प्रदर्शित की जा रही है, उसके बारे में हिन्दी और अंग्रेजी में ठीक ढंग से लिखा जाए, ताकि लोगों को उसे समझने में कोई कठिनाई न हो। यह परिसर ग्रीन एरिया रहे। इस दौरान मंत्री विजय कुमार चौधरी, जयंत राज, सांसद संजय झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव अनुपम कुमार, विशेष सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, डीएम शीर्षत कपिल अशोक मौजूद थे।